Mission Shikshan Samvad

पाँच महासागर

काव्य मंजरी

शैक्षिक कविताओं का संकलन

काव्यांजलि

मिशन शिक्षण संवाद

मिशन शिक्षण संवाद

प्रशांत महासागर 01

यह समुद्र सबसे गहरा है,
पानी इतना ठहरा है।
सबसे विस्तृत सागर है,
अति विशाल प्रशांत महासागर है।।

गहरे-गहरे ट्रेन्च लिए,
जीवन का रोमांच लिए।
जाने कितने राज छुपाए,
हजारों लाखों रत्न लिए।।

१६.५ करोड़ वर्ग किलोमीटर का विस्तार लिए,
पर्वत,घाटी, जीव और वनस्पति हजार लिए।
मछली,कछुआ,सीपी आदि,
अनगिनत जलीय जीवों का संसार लिए।।

९,४५५ मील इसकी चौड़ाई है,
और १०,५०० मील लंबाई है।
ज्वालामुखी से भरा समुद्र,
१४,००० फुट औसत गहराई है।।

अंजलि मिश्रा
प्रा०वि० टिकरा
देवमई, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद

अटलांटिक महासागर 02

आज तो कुछ है नया सिखाना-2
अटलांटिक महासागर पढ़ाना।

ठण्डी- ठण्डी हैं छः जलधारा,
मछलियां जियें जहाँ जीवन सारा।
S की आकृति है ये अब जाना।।

अंध महासागर इसका ही नाम है,
तेल की खोज में इसका ही काम है।
कुहासा से इसका भर-भर जाना।।

सबसे बड़े में द्वितीया पे आये,
यूनानी देवता के नाम कहाये।
परिवहन का यहाँ आना-जाना।।

टेलीग्राफ सबसे ऊपर आये,
डॉल्फिन श्रेणी बाद सुहाये।
अफ्रीका अमेरिका के बीच ठिकाना।।

ग्रेट ब्रिटेन जैसे द्वीप है जिनके,
आयरलैंड फॉकलैंड भी हैं इनके।
हमने सिखाया तुम ध्यान लगाना।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रश्मि(प्र०अ०)
प्रा०वि० गुलाबपुर (अंग्रेजी मा०)
भाग्यनगर, औरैया

मिशन शिक्षण संवाद

हिन्द महासागर 03

हिन्द महासागर के बारे में तुमको बताना है ,
पृथ्वी का 20% पानी इसी में हमें पाना है ।
हिंदुस्तान से ही इसका नाम हिन्द जाना है,
पृथ्वी का 20% पानी इसी में हमे पाना है ।।

भूमध्य सागर को स्वेज नहर से जोड़ता है ,
उत्तरी सीमा फारस की खाड़ी से जोड़ता है।
श्रीलंका,इंडोनेशिया जैसे द्वीप इसी में हमे पाना है ,
हिन्द महासागर के बारे में तुमको बताना है।।

2004 में सुनामी भूकंप झेले है इसने,
ढाई लाख इंसान निगल लिए है इसने।
सीलस,कछुआ,व्हेल लुप्तप्राय प्रजाति है इसमें,
80% समुद्री तेल का परिवहन इसी से होना है।
हिन्द महासागर के बारे में तुमको बताना है।।

अनुज पटैरिया (इ०प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरिया
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद

आर्कटिक महासागर 04



फैला उत्तरी गोलार्द्ध में,
विस्तृत आर्कटिक महासागर।
ईश्वर की माया है अगम्य,
यह भी अगम्य महासागर।।

सबसे छोटा अति शीत लिए,
हिम से यह ओत-प्रोत सागर।
नमकीन भी कम,कम गहरा है,
अति मोटी बर्फ की बिछी चादर।।

दुर्लभ है जीव-जन्य इसमें,
विज्ञानी कहे अंध सागर।
यह घिरा हुआ उत्तरी अमेरिका से,
यूरेशिया से भी घिरा सागर।।

गिरती इसमें मीठी नदियाँ।
लवणीय न्यून है यह सागर।
स्थितियां बदले ताप मान,
तब बदले बहुत महासागर।
क्षेत्रफल समकक्ष रूस के,
गर्मी में भी अगम्य सागर।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

अवधेश सिंह(स०अ०)
उ०प्रा०वि०बराकेशव
फर्रुखाबाद

मिशन शिक्षण संवाद

दक्षिणी महासागर

05

दक्षिण ध्रुव पर हो अवस्थित,
घेरे है अंटार्कटिका महाद्वीप को।
बच्चों याद करो अब इसका नाम,
दक्षिण महासागर है इसका नाम।।

अब ढूंढो इसे मानचित्र में,
60° दक्षिणी अक्षांश से दक्षिण।
फैला है इसका विस्तार,
हिंद , प्रशांत ,अटलांटिक से,
छोटा है इसका आकार।
लेकिन आर्कटिक महासागर से,
अधिक विस्तृत इसका फैलाव।।

तापमान है प्रतिकूल यहाँ का,
इसलिए मानव यहाँ नहीं रह पाता।
लेकिन फिर भी विश्व संतुलन,
की महत्वपूर्ण इकाई है।
आज दक्षिणी महासागर के बारे में,
तुमको यह कविता सिखलाई है।।

निहारिका शर्मा
प्रा०वि०महमूदपुर तिगरी प्रथम
भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचनाकारों की सूची

१-अंजलि मिश्रा,
फतेहपुर
२-रश्मि,
औरैया
३-अनुज पटैरिया,
चित्रकूट
४-अवधेश सिंह ,
फ़र्रूख़ाबाद
५-निहारिका शर्मा,
मुरादाबाद

टेक्निकल टीम

आर.के. शर्मा
नवीन पोरवाल
पूजा सचान
गीता यादव
प्रतिभा चौहान
मन्जू शर्मा
अर्चना अरोरा
प्रवीणा दीक्षित
आयुषी अग्रवाल
रीना सैनी
साकेत बिहारी शुक्ल

संकलन
टेक्निकल टीम
मिशन शिक्षण संवाद